led information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothers.com, for detailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothers.com



Solved Question Bank (In Hindi)

पिडिएट्रीक नर्सिंग

Pediatric Nursing For GNM Students

Previous 5 Years Question Papers

As per the INC Syllabus

Arjita Sengar

2nd Edition

JAYPEE

अनुक्रमाणिका

SOLVED PAPERS

1. Pediatric Nursing, November 2023 3
2. Pediatric Nursing, November 2022 18
3. Pediatric Nursing, December 2021 34
4. Pediatric Nursing, February 2020 46
5. Pediatric Nursing, August 2019 58

OTHER IMPORTANT QUESTIONS

6. Short Notes 87
7. Long Answers 151
8. Multiple Choice Questions 206
9. Fill in the Blanks 235
10. True and False 249

PEDIATRIC NURSING

November 2022

Course: Diploma in General Nursing and Midwifery **Year:** Second

Subject: Pediatric Nursing **Code:** 4509

Time: 3 hours **M. Marks:** 75

1. Four options of answer of each question are given. Only one option is correct. Come and write only correct option after writing question no.

प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के चार विकल्प दिए गए हैं। केवल एक ही विकल्प सही है। प्रश्न संख्या लिखने के बाद केवल सही विकल्प चुनें और लिखें। (1 × 5 = 5)

1.1 Social smile develops at .....?

सामाजिक मुस्कान विकसित होती है?

(a) 2 months (2 महीने)

(b) 5 months (5 महीने)

(c) 6 months (6 महीने)

(d) 1 year (1 साल)

उत्तरः (a) 2 months (2 महीने) 1

1.2 A newborn's failure to pass meconium within the first 24 hours after birth may indicate which of the following?

जन्म के बाद पहले 24 घंटे के भीतर एक नवजात का मेकोनियम पारित करने में विफलता निम्नलिखित में से क्या संकेत कर सकती है?

(a) Hirschsprung disease (हिर्शस्प्रंगरोग)

(b) Abdominal wall defect (पेट की दीवार का दोष)

(c) Neonatal sepsis (नवजात पूति)

(d) All the above (सब)

उत्तरः (a) Hirschsprung disease (हिर्शस्प्रंगरोग) 1

1.3 Kernicterus, which may occur as a compliciation of jaundice, is a pathological condition of:

कार्निकटेरस, जो पीलिया की जटिलता के रूप मे हो सकता है, किस की रोग संबंधी स्थिति है?

(a) Liver (लिवर)

(b) Brain (दिमाग)

JAYPEE BROTHERS

(c) Kidney (गुर्दा)
(d) Heart (हृदय)
उत्तरः (a) Liver (लिवर) 1

1.4 DRS includes all except .....?
DRS में ..... के अलावा सब शामिल हैं।
(a) Sodium citrate (सोडियम साइट्रेट)
(b) Glucose (ग्लूकोस)
(c) Potassium chloride (पोटेशियम क्लोराइड)
(d) Sodium carbonate (सोडियम कार्बोनेट)
उत्तरः (a) Sodium citrate (सोडियम साइट्रेट) 1

1.5 Is Colosturm?
कोलोस्ट्रम है?
(a) First milk produce when starting breastfeeding: (स्तनपान शुरू करते समय सबसे पहले दूध का उत्पादन)
(b) Oral secretion (मौखिक स्त्राव)
(c) Body fluids (शरीर के तरल पदार्थ)
(d) Nasal secretion (नाक स्त्राव)
उत्तरः (a) First milk produce when starting breastfeeding (स्तनपान शुरू करते समय सबसे पहले दूध का उत्पादन) 1

2. Choose right & wrong in the following statements:
निम्नलिखित कथनों में से सही गलत चुनो: (1 × 5 = 5)

2.1 Tics is a pattern of eating non-nutritious food materials.
टिक्स गैर–पौष्टिक खाद्य सामग्री खाने का एक पैटर्न है।
उत्तरः गलत 1

2.2 BCG vaccination is recommended for all older children at risk of TB.
टीवी के जोखिम वाले सभी बड़े बच्चों के लिए बी.सी.जी. टीकाकरण की सिफारिश की जाती है।
उत्तरः गलत 1

2.3 Rickets is caused by the deficiency of Vitamin-A.
रिकेट्स विटामिन ए की कमी से होता है।
उत्तरः गलत 1

2.4 Inflammation of middle ear is known as mastoiditis:
मध्य कान की सूजन को मास्टोइडाइटिस के रूप में जाना जाता है।
उत्तरः गलत 1

JAYPEE BROTHERS

2.5 Objective of under-five clinic is to monitor growth and development of the child until 5 years of age.
पांच साल से कम उम्र के बच्चे के विकास और विकास की निगरानी करना पांच साल से कम उम्र के क्लिनिक का उद्देश्य है।
उत्तरः सही 1

3. Fill up the blanks
रिक्त स्थान भरें **(1 × 5 = 5)**

3.1 The ..... of age the by closes normally fontanelle anterior.
पूर्व काल फॉन्टानेल सामान्य रूप से ..... की उम्र तक बंद हो जाता है।
उत्तरः One and half month (डेढ़ महीना) 1

3.2 In children temporary or milk teeth is called .....
बच्चों में अस्थाईया दूध के दांत ..... कहलाते हैं।
उत्तरः Deciduous (डेसीड्यूअस) 1

3.3 At birth the normal length of a healthy full-term newborn baby is ..... cms.
जन्म के समय एक स्वस्थ पूर्णकालिक नवजात शिशु की सामान्य लंबाई होती है ..... cms.
उत्तरः 50 cms. 1

3.4 Reduced osmolarity DRS has an osmolarity of .....
घटी हुई परासरणता DRS में ..... की परासरणता होती है।
उत्तरः 245 mmol/l 1

3.5 Exclusive breast feeding should be given upto months .....
..... माह तक विशेष स्तनपान कराना चाहिए।
उत्तरः Six (छः महीना) 1

4. Write short notes on any four of the following.

4.1 Advantage of breastfeeding स्तनपान के लाभ लिखें।
उत्तरः स्तनपान के लाभ (Advantages of breastfeeding)

माता को लाभ (Advantages to Mother)

- यह एक सरल एवं सुविधाजनक विधि होती है।
- माँ एवं शिशु के बीच बंधन (bonding) को मजबूती मिलती है तथा माँ में मातृत्व एवं आत्मविश्वास की भावना बढ़ती है।
- यह समय एवं धन की बचत में सहयोगी होता है।

JAYPEE BROTHERS

- यह एक प्रकार के प्राकृतिक गर्भनिरोध की भूमिका निभाता है, मतलब वह माँ जो स्तनपान कराती हैं, उन्हें गर्भनिरोधक विधियाँ अपनाने की आवश्यकता नहीं होती है।
- यह प्रसूति के बाद प्रजनन अंगों (reproductive organ) को उनकी स्थिति में पुनः स्थापित करने में सहायक होता है।
- यह माँ एवं बच्चे, दोनों के लिए सुरक्षित विधि होती है।
- यह माँ में स्तन कैंसर होने की रोकथाम का उपाय भी है।

शिशु को लाभ (Advantage to the Newborn)

- माँ का दूध शिशु की शाारीरिक एवं मानसिक आवश्यकता के अनुरूप उपयुक्त होता है।
- यह शिशु को पूर्ण आहार प्रदान करता है। इससे शिशु की आवश्यकता अनुसार पूर्ण पोषण प्रदान होता है।
- यह आसानी से पच जाता है।
- यह शिशु को विभिन्न रोग एवं एलर्जी से सुरक्षा प्रदान करता है।
- यह शिशु एवं माँ के बीच बंधन को मजबूत करता है।
- स्तनपान शिशु के मस्तिष्क के विकास में सहयोगी होता है तथा यह उसमें सुरक्षात्मक भावना उत्पन्न करता है।
- स्तनपान करने वाले शिशुओं में मानसिक एवं भावनात्मक विकार नहीं पाए जाते।

4.2 Importance of play. खेलों का महत्व

उत्तरः वर्ष 2020 की प्रश्न संख्या 4.2 देखें।

4.3 National health programme for children in India.

भारत में बच्चों के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमः

उत्तरः बच्चों के लिए भारत में राष्ट्रीय स्वास्थ कार्यक्रम

- राष्ट्रीय मलेरिया अल्पता प्रोग्राम (National Malarial Eradication Programme): भारत सरकार ने अप्रैल 1953 में अन्तर्राष्ट्रीय अभिकरणों की सहायता से यह कार्यक्रम प्रारम्भ किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मलेरिया रोग की दर को कम करना था।
- राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम (National Iodine Deficiency Disorder Control Programme): भारत सरकार ने यह कार्यक्रम वर्ष 1962 में बच्चों में आयोडिन की कमी से होने वाले रोगों की रोकथाम के लिए आरंभ किया था।
- मध्याहन भोजन कार्यक्रम (Mid-Day Meal Programme): मध्याहन भोजन कार्यक्रम की शुरुआत 15 August 1995 में की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था–

JAYPEE BROTHERS

- बच्चों को सपलीमेंट भोजन मिलना।
- प्रतिदिन की कैलोरी की आवश्यकता को पूर्ण करना।
- भोजन प्रदान कर बच्चों की स्कूल छोड़ने की दर को कम करना।

- एकीकृत बाल विकास सेवाएँ (Integrated child development services): यह योजना वर्ष 1975 में प्रारंभ की गई थी। इस योजना का उद्देश्य था बच्चों का संपूर्ण विकास। इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थे–
  - 6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य स्तर को सुधारना।
  - बच्चे के मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास की उचित आधार-शिला रखना।
  - मृत्यु दर, रोग दर, कुपोषण एवं विद्यालय छोड़ने वाले बच्चों में कमी लाना।
  - नीतियों में प्रभावी समन्वय प्राप्त करना तथा बाल विकास को बढ़ाने वाले विभिन्न विभागों में कार्यक्रमों को क्रियान्वित करना।
  - अच्छे पोषण तथा स्वस्थ शिक्षण के माध्यम से बच्चे के सामान्य स्वास्थ्य तथा पोषण आवश्यकताओं की देख-रेख हेतु माताओं की क्षमता में वृद्धि करना।
- Universal Immunization Programme: टीकाकरण का Expanded programme भारत में 1978 में आरंभ हुआ जिसका उद्देश्य बच्चों को संचारित रोगों से बचाना था।
- बाल जीवन तथा सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम (Child survival and safe motherhood programme): बाल जीवन तथा सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम माता और बच्चे के लिए 20 अगस्त 1992 में शुरू किया गया था।
- राष्ट्रीय पोषण पॉलिसी (National Nutrition Policy): भारत सरकार द्वारा पोषण की राष्ट्रीय पॉलिसी 1993 में अंगीकृत हुई। इसका उद्देश्य कमजोर समूह को पहचानना है।
- Vitamin A prophylaxis programme: इस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को विटामिन ए की खुराक प्रदान की जाती है।
- अन्य कार्यक्रमः
  - Anemia Prophylaxis Programme–1970
  - National School Health Programme
  - National Mental Health Programme
  - Child Welfare Programme for Disabled Children
  - Janani Shishu Suraksha Karyakram (जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम)
  - राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम

4.4 FTT (failure to thrive) पनपने की विफलता

उत्तरः पनपने की विफलता (Failure to Thrive)

JAYPEE BROTHERS

परिभाषा (Definition): यह एक दीर्घकालिक एवं Life threatening विकार है, जो infant एवं उन बच्चों में पाया जाता है जिनमें वजन की बढ़त नहीं होती तथा जिनका वज़न घटता रहता है।

कारण (Causes)

1. **जैविक कारण (Organic Causes)**
   - जन्मजात हृदय रोग (Congenital heart disease)
   - अवशोषण विकार (Malabsorption)
   - आंत्र में पराजीवी (intestinal parasitosis)
   - क्षयरोग (Tuberculosis)
   - किशोरावस्था का मधुमेह (Juvenile Diabetes Mellitus)
   - सिस्टिक फाइबरोसिस (Cystic Fibrosis)
   - यकृत घाव (Liver abscess)
   - GERD
2. **अजैविक कारण (Non-Organic Causes)**
   - अभिभावक–बच्चे के बिगड़े हुए संबंध।
   - भावनात्मक रूप से वंचित (Emotional Deprivation)
   - गरीबी (Poverty)
   - निरक्षरता (Illiteracy)
   - अज्ञानता (Ignorance)
   - गलत खाद्य आदतें।
   - पारिवारिक कलह।

नैदानिक लक्षण (Clinical Manifestation)

- बच्चे में अपेक्षित वृद्धि एवं विकास न होना।
- वजन का न बढ़ना तथा कभी-कभी वजन में गिरावट आना।
- सोने में परेशानी।

प्रबंधन (Management)

- **इतिवृत्ति (History Taking)**
  - बच्चे का पूर्ण पारिवारिक इतिहास लेंगे।
  - उसकी स्थिति के लिए उत्तरदायी कारकों का पता लगाएंगे।
- **शारीरिक परीक्षण (Physical Examination)**
  - बच्चे का पूर्ण शारीरिक एवं मानसिक आँकलन करेंगे।
  - उसके वृद्धि चार्ट से उसके निदान में सहायता मिलेगी।
- **अस्पताल में भर्ती (Hospitalization)**
  यह बच्चे के निदान की पुष्टि तथा कारणों के उपचार के लिए आवश्यक है।
- **नर्सिंग देखभाल (Nursing Care)**
  - बच्चे के पोषण पर विशेष ध्यान देंगे।

JAYPEE BROTHERS

- उसे उच्च कैलोरी एवं प्रोटीन युक्त आहार दें।
- उसे प्यार एवं स्नेह के साथ परिवार का भावनात्मक सहयोग भी प्रदान करें।
- बच्चे की देखभाल में अभिभावक के सहयोग एवं सहभागिता को बढ़ावा देंगे।
- बच्चे का नियमित रूप से फौलो–अप करेंगे।

4.5 Coarctation of Aorta. महाधमनी का समन्वयन

उत्तरः Coarctation of aorta

परिभाषाः जब डक्टस आर्टेरीओसस (ductus arteriosus) के नजदीक aortic-arch की नली में सुकड़न आ जाती है, जिससे नली का lumen छोटा हो जाता है, इसे कुअक्कटेशन ऑफ एयोर्टा कहते हैं।

कारणः

- आनुवंशिकता (Genetic causes)
- क्रोमोसोमल विकार (Chromosomal abnormalities)
- वातावरणीय कारक (Environmental factors)
- जीवन विकार

नैदानिक लक्षण (Clinical features)

इस स्थिति के लक्षण इसके सुकड़ने (narrowing of lumen) की गंभीरता पर निर्भर करते हैं। यह लक्षण हैं:–

- उच्च रक्तचाप तथा हाथ की पल्स का उछलना (High blood pressure and bounding pulse)
- कमजोर या अनुपस्थित फिमोरल पल्स (Weak or absent femoral pulse)
- कम रक्त चाप तथा ठंडे हाथ पैर (low blood pressure with cold extremities)
- छोटे बच्चों (infants) में congestive heart failure, कम रक्तचाप विकसित होना।
- बड़े बच्चों (old children) में सिरदर्द, नाक से रक्त आना, चक्कर आना, हॉफना, कमजोरी थकावट।
- कम भूख लगना (poor appetite)
- पसीना आना (sweating)

निदान (Diagnosis)

- शारीरिक परीक्षण करना
- छाती का X-ray
- ECG
- Echo cardiogram

JAYPEE BROTHERS

for detailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothers.com, for detailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothers

Solved Question Bank (In Hindi)

पिडिएट्रीक नर्सिंग

Pediatric Nursing

विशेष गुण (Salient features)

- इस पुस्तक में पिछले पाँच वर्ष के पूर्ण समाधित (Fully solved) प्रश्न पत्र दिए गए हैं।
- हिन्दी एवं अंग्रेज़ी, दोनों ही भाषा का प्रयोग किया गया है ताकि भाषा को सरल एवं समझने में आसान बनाया जा सके।
- हिन्दी के संग अंग्रेज़ी के शब्दों का भी प्रयोग किया गया है ताकि यह पुस्तक, दोनों भाषाओं में पढ़ने वाले बच्चों को लाभ पहुँचाए।
- प्रश्न पत्र के अलावा अन्य महत्वपूर्ण एवं संभावित प्रश्न तथा विगत वर्षों में आए प्रश्न भी **Short notes** एवं **Long notes** के रूप में पुस्तक में दिए हैं, जिससे इसमें 2010 से सभी प्रश्न पत्र के उत्तर मिल जाएँगे।
- अभ्यास के लिए अतिरिक्त **MCQ's, Fill in the blanks** एवं **True/false** भी दिए गए हैं, जो किसी न किसी नर्सिंग परीक्षा में आए हैं।
- प्रश्न के उत्तरों को आसान भाषा में पॉइंट्स में लिखा है तथा जहाँ आवश्यक है वहाँ **Flowcharts** का भी प्रयोग किया है, ताकि उत्तर याद रखने में आसानी रहे।

अर्जिता सेंगर ने **BSc (Nursing), Maharashtra University of Health Sciences,** नासिक से किया है तथा वह यूनिवर्सिटी की **'Gold Medalist'** रही हैं। उन्होंने **MSc (Obstetric and Gynecological Nursing), Rajiv Gandhi University of Health Sciences, Bangalore** से किया है। साथ ही उन्होंने **Symbiosis Centre of Health Care, Pune** से **Postgraduate Diploma, Hospital and Healthcare Management** भी प्राप्त किया है। उन्होंने अपने विषय नर्सिंग में वर्ष 2023 में **PhD** की डिग्री भी प्राप्त की है। इनको 13 वर्ष से भी अधिक **teaching experience** है। **Research** के क्षेत्र में भी काफी अग्रसर हैं। कई राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय **Journal** में इनके पेपर पब्लिश हुए हैं तथा कई पेपर प्रेजेंट भी कर चुकी हैं। वह लेखन में विशेष रूचि रखती हैं तथा कई संस्थानों की वार्षिक पत्रिकाओं की संपादक भी रह चुकी हैं।

Printed in India

Available at all medical bookstores
or buy online at www.jaypeebrothers.com



JAYPEE BROTHERS
Medical Publishers (P) Ltd.
EMCA House, 23/23-B, Ansari Road,
Daryaganj, New Delhi - 110 002, INDIA
www.jaypeebrothers.com

Join us on facebook.com/JaypeeMedicalPublishers

